BAL BHARATI PUBLIC SCHOOL, PITAMPURA, DELHI – 110034

विषय – हिंदी

कक्षा– छठी

संज्ञा

निर्देश ः-

१) विषय को समझने के लिए दिए गए लिंक देखें ।

२) कॉपी में केवल अभ्यास प्रश्न एक से तीन तक करने हैं ।

३) कॉपी की जाँच स्कूल खुलने के बाद की जाएगी।

https://www.youtube.com/watch?v=zRmIKYvWRPU

https://www.youtube.com/watch?v=-zBF1J-Zz7Q

प्यारे बच्चों ,
लिंक से आपने जाना कि-

संज्ञा उस विकारी शब्द को कहते है, जिससे किसी विशेष वस्तु, भाव और जीव के नाम का बोध हो, उसे संज्ञा कहते है।

दूसरे शब्दों में- किसी प्राणी, वस्तु, स्थान, गुण या भाव के नाम को संज्ञा कहते है।

जैसे- प्राणियों के नाम- मोर, घोड़ा, अनिल, किरण, जवाहरलाल नेहरू आदि।

वस्तुओ के नाम- अनार, रेडियो, किताब, सन्दूक, आदि।

स्थानों के नाम- कुतुबमीनार, नगर, भारत, मेरठ आदि

भावों के नाम- वीरता, बुढ़ापा, मिठास आदि

संज्ञा के भेद ः-

संज्ञा के तीन भेद होते है-

(1)व्यक्तिवाचक (Proper noun)
(2)जातिवाचक (Common noun)
(3)भाववाचक (Abstract noun)

<u>**(1)व्यक्तिवाचक संज्ञा**</u>**:-** जिस शब्द से किसी विशेष व्यक्ति, वस्तु या स्थान के नाम का बोध हो उसे व्यक्तिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे-
व्यक्ति का नाम-रवीना, सोनिया गाँधी, श्याम, हरि, सुरेश, सचिन आदि।

वस्तु का नाम- कार, टाटा चाय, कुरान, गीता रामायण आदि।

स्थान का नाम-ताजमहल, कुतुबमीनार, जयपुर आदि।

देशों के नाम- भारत, जापान, अमेरिका, पाकिस्तान, बर्मा।

<u>**(2) जातिवाचक संज्ञा**</u> **:-** जिस शब्द से एक जाति के सभी प्राणियों अथवा वस्तुओं का बोध हो, उसे जातिवाचक संज्ञा कहते हैं।

जैसे- बच्चा, जानवर, नदी, अध्यापक, लड़का, पशु-पक्षी, वस्तु, नदी, मनुष्य, पहाड़ आदि।

जातिवाचक संज्ञा के दो उपभेद भी होते हैं :-

(ii) समूहवाचक (Collective noun)

जैसे- भीड़, पुस्तकालय, झुंड, सेना आदि।

(ii) द्रव्यवाचक (Material noun)

जैसे- कोयला, पानी, तेल, घी आदि।

(3) भाववाचक संज्ञा :- जिन शब्दों से किसी प्राणी या पदार्थ के गुण, भाव, स्वभाव या अवस्था का बोध होता है, उन्हें भाववाचक संज्ञा कहते हैं।

थकान, मिठास, बुढ़ापा, गरीबी, आजादी, हँसी, चढ़ाई, साहस, उत्साह, ईमानदारी, बचपन, वीरता आदि शब्द-भाव, गुण, अवस्था तथा क्रिया के व्यापार का बोध करा रहे हैं। इसलिए ये 'भाववाचक संज्ञाएँ' हैं।

अभ्यास –

प्रश्न १) नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा शब्दों को रेखांकित कीजिए -

क) यह मेरा घर है।

ख) रमेश अच्छा लड़का है।

ग) वहाँ एक गाय खड़ी है।

घ) ताजमहल आगरा में है ।

ड़) दिल्ली भारत की राजधानी है।

प्रश्न २) नीचे दिए शब्दों को सही शीर्षक के नीचे लिखिए –

मेंढक , पटना, रस्सी, मकड़ी, पतंग, मीना
पिता जी, मोती, माँ, मकान, जापान, बेटा
जयपुर, बतख, पंखा, पोटली, चाबी, बूँद

व्यक्ति	स्थान	वस्तु	प्राणी

प्रश्न ३) व्यक्तिवाचक संज्ञा तथा जातिवाचक संज्ञा में उदाहरण सहित अंतर स्पष्ट कीजिए ?

(पाठ को दोहराने के लिए ऊपर दिए गए लिंक को दोबारा देखें)

BBPS, PITAMPURA